दिन– सोमवार दिनांक– 07 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत अब तक बत्तीस लाख करोड़ रुपये से अधिक के बावन करोड़ से अधिक ऋण स्वीकृत किए जा चुके हैं। वित्तीय समावेशन को सुगम बनाने के लिए वर्ष दो हजार पन्द्रह में यह योजना शुरु की गई थी। इस योजना के अंतर्गत तीन श्रेणियों के जमानत मुक्त ऋण दिए जा रहे हैं। इसमें पचास हजार रुपये तक का शिशु, पांच लाख रुपये तक का किशोर और दस लाख रुपये तक का तरुण ऋण शामिल है। लगभग सत्तर प्रतिशत मुद्रा ऋण महिला उद्यमियों ने लिए हैं, जिससे उनकी वित्तीय स्वतंत्रता बढ़ी है और लैंगिक समानता में योगदान मिला है। पचास प्रतिशत से अधिक मुद्रा ऋण अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के उद्यमियों को मिले हैं। पिछले कुछ वर्षों में मुद्रा योजना ने भारत के उद्यमशीलता परिदृश्य को नया रूप दिया है और वित्तीय समावेशन के एक मॉडल के रूप में वैश्विक मान्यता प्राप्त की है।

————————————————————————

राज्य की नई आईटी नीति के तहत सूचना और प्रावैधिकी विभाग ने पटना के बिस्कोमान टावर में विशेष आईटी स्टार्टअप हब स्थापित किया है। विभागीय मंत्री कृष्ण कुमार मंटू ने आज इस हब में आईटी क्षेत्र के स्टार्टअप को निःशुल्क कार्यालय परिसर उपलब्ध कराया। श्री मंटू ने कहा कि सरकार युवा उद्यमियों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार की नई नीति से युवा आत्मनिर्भर होंगे।

————————————————————————

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने कहा है कि संविधान देश की सच्चाई का रक्षक है। आज पटना के एस.के मेमोरियल हॉल में संविधान सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री गांधी ने कहा कि संविधान में देश के सभी महापुरूषों की विचारधारा का समावेश है। उन्होंने कहा कि आज देश की पूरी व्यवस्था चंद लोगों के

हाथों में सिमट गई है और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग के लोगों को उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिल रहा है। इससे पहले श्री गांधी आज बेगूसराय में पलायन रोको नौकरी दो यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार और पार्टी नेता कन्हैया कुमार भी मौजूद थे।

———————————————————————

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की बिहार यात्रा पर एनडीए के घटक दलों ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि पहले राहुल गांधी को अपनी पार्टी से पलायन रोकने की कोशिश करनी चाहिए। जदयू के वरिष्ठ नेता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस की प्रासंगिकता पूरे देश में नहीं के बराबर बची है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के दौरे का कोई लाभ पार्टी को नहीं मिलने जा रहा है। इधर, राजद ने कहा है कि राहुल गांधी के दौरे से एनडीए गठबंधन में हताशा है। पार्टी प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि पूरा एनडीए राहुल गांधी और तेजस्वी प्रसाद की जोड़ी से डरा हुआ है।

———————————————————————

मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक सुपौल, अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, सहरसा, पूर्णियां और कटिहार समेत राज्य के उत्तरी हिस्सों में अधिकांश स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने का भी पूर्वानुमान है। साथ ही कुछ जगहों पर वज्रपात की भी आशंका जताई गई है। इधर, विभाग ने कहा है कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है।

———————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के रामनगर थाना क्षेत्र में एक कार और मोटरसाइकिल के बीच हुई टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों का जीएमसीएच, बेतिया में इलाज चल रहा है।

———————————————————————

लखीसराय जिले के मनियारा जंगल में पुलिस और एसएसबी की टीम ने सर्च ऑपरेशन चलाकर तेरह डेटोनेटर, एक मास्केट और आठ जिंदा कारतूस समेत भारी मात्रा में हथियार बरामद किए हैं।

———————————————————————

अररिया जिले के पथरदेवा के पास एसएसबी ने तीन सौ साठ बोतल शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

समाप्त